पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (26.10.2022)

दैनिक भास्कर

पीयू : पीजी वोकेशनल कोर्स का एंट्रेंस 5 और 6 नवंबर को, एडमिट कार्ड वेबसाइट पर जारी

पटना | पटना विवि में पीजी वोकेशनल कोर्स का एंट्रेंस 5 व 6 नवंबर को आयोजित होगा। टेस्ट का एडमिट कार्ड विवि की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। छात्र लॉगिन-पासवर्ड से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं और निर्धारित तिथि को संबंधित परीक्षा केंद्र पर जाकर टेस्ट दे सकते हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह साढ़े दस से दोपहर डेढ़ बजे तक और दूसरी पाली दोपहर ढाई से शाम चार बजे तक होगी। एमएसडब्ल्यू, पीजीडीआइएसएम, एमएससी बायोकेमेस्ट्री, एलएलएम, बिलिस, एमएससी इंवायरमेंट साइंस, एमसीए, एमलिस, एमजेएमसी की प्रवेश परीक्षा 5 को और एमएड, एमएससी बॉयोटेक्नोलॉजी की प्रवेश परीक्षा 6 नवंबर को होगी। एलएलबी का एंट्रेंस टेस्ट 6 नवंबर को दो परीक्षा केंद्रों मगध महिला कॉलेज और बीडी पब्लिक स्कूल में होगा। एलएलबी में 120 सीटों के लिए 2282 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। बैचलर इन फाइन आर्ट का एंट्रेंस टेस्ट 5 नवंबर को होगा। परीक्षा सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर दो बजे के बीच होगी। पीजी, बिलिस व एलएलबी एंट्रेंस टेस्ट में यूजी(स्नातक) वोकेशनल कोर्स के छात्र जिनका सत्र अभी पूरा नहीं हो सका है, वे भी शामिल हो पाएंगे।

दीप जलाकर नदवी छात्रावास के विद्यार्थियों ने दिया भाईचारे का संदेश

पटना. दीपावली के अवसर पर पटना यूनिवर्सिटी के नदवी छात्रावास के विद्यार्थियों ने दीप जलाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया. इस अवसर पर छात्र जद(यू) के प्रदेश उपाध्यक्ष मो. अल्कमा ने कहा कि सभी धर्म के लोगों को एक-दूसरे के त्योहार में मिलकर खुशियां बांटना चाहिए. दीपावली रोशनी का त्योहार है . छात्रावास के विद्यार्थियों ने कहा कि दीप की रोशनी हर क्षेत्र को रोशन करने का प्रतीक है. इस अवसर पर छात्रावास के विद्यार्थियों ने सभी को दीपावली की बधाई हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

प्रभात खबर Wed, 26 https:/

19 नवंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए उम्मीदवार वोटरों को जोड़ने की चला रहे मुहिम

सोशल मीडिया बना चुनाव का प्रमुख औजार

पटना यूनिवर्सिटी

अंबर, पटना

सोशल मीडिया की ताकत और इसकी युवाओं में पहुंच से हर कोई परिचित है. पटना यूनिवर्सिटी के छात्र संघ चुनाव में भी इस बार सोशल मीडिया छात्र नेताओं का प्रमुख औजार बनी हुई है. यूनिवर्सिटी में फिलहाल छुट्टी है. ऐसे में अपने वोटरों से जुड़ने और उन्हें अपने एजेंडे से अवगत कराने के लिए छात्र नेता चुनावी मैदान में डटे हुए हैं. आलम यह है कि वाट्सएप ग्रुप, ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर विभिन्न पार्टियों के सदस्य अच्छा-खासा वक्त दे रहे हैं.

चुनावी ताल ठोक चुके छात्र संघों ने तो सोशल मीडिया पर स्टेटस और पेज के सहारे अपने वोटर्स को अपडेट दे रहे हैं. छात्र जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने बताया कि वाट्सएप ग्रुप पर विद्यार्थियों को पार्टी के एजेंडे से अवगत कराया जा रहा है. इसके साथ ही विद्यार्थियों की समस्याओं का भी आकलन किया जा रहा है. वहीं, छात्र राजद के प्रदेश प्रभारी राहुल यादव ने बताया कि सोशल मीडिया के सहारे वोटर्स को अपडेट किया जा रहा है. साथ ही उन्हें चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए मोटिवेट किया जा रहा है. इसके अलावा सीवाइएसएस के सादिक रजा ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिये विद्यार्थियों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराने के साथ ही उनकी समस्याओं की भी सूची तैयार की जा रही है, जिसे दूर करने की पार्टी की ओर से पूरी कोशिश की जायेगी.

प्रचार अभियान तेज, पटना में रहने वाले स्टूडेंट्स को कैंपस पर नजर रखने की मिली जिम्मेदारी

पटना. पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव की तैयारी शुरू हो गयी है. 19 नवंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव को लेकर कॉलेज कैंपस बंद होने के बाद भी प्रचार अभियान तेज है. कॉलेज व हॉस्टल बंद होने के बाद भी स्थानीय स्टूडेंट्स दरभंगा हाउस में बैठ कर आगे की रणनीति पर काम कर रहे हैं. दीपावली खत्म होने के साथ ही मंगलवार को पूरे दिन चुनावी चर्चा सभी छात्र संगठनों ने अपने कार्यालय में करते रहे. विभिन्न छात्र संगठनों ने पटना में रहने वाले स्टूडेंट्स को छुट्टी के बाद भी कैंपस में जाकर नजर रखने को कहा गया है. हर दिन कैंपस में जाकर प्रचार करने को निर्देश स्थानीय छात्रों को दिया गया है. अलग-अलग छात्र संगठन एक दूसरे से बातचीत कर अपने विपक्षी की रणनीति को समझने में लगे हुए थे. दरभंगा हाउस और पटना कॉलेज कैंपस में छात्र संगठनों के सदस्यों चुनाव पर्ची ले कर अपना एजेंडा बता रहे हैं. पीयू के सभी पुराने छात्र और छात्र नेताओं को सक्रिय किया जा रहा है. ऑनलाइन जोर-शोर से प्रचार-प्रचार जारी है.

चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की कर रहे अपील

पटना. पटना यूनिवर्सिटी पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव डॉ ध्रुव कुमार ने पीयू छात्र संघ चुनाव की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पीयू के छात्र-छात्राओं से इस चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है. उन्होंने कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी को इस फैसले के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि छात्र संघ के नियमित चुनाव होने से विवि का माहौल प्रजातांत्रिक होगा. इससे परिसर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था स्थापित करने में मदद मिलेगी. पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव डॉ ध्रुव ने उम्मीद जतायी कि चुनाव संचालन समिति पूर्व की तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के सफल होगी.

प्रभात खबर Wed, 26 October 2022 https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70668491